# ध्येय पथ

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, गोरखपुर

जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी
















सम्पादक–
श्री सिद्धार्थ कुमार शुक्ल
श्रीमती विभा सिंह
श्री हरिकेश यादव

## विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम




01 सितम्बर को गृह विज्ञान विभाग द्वारा 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' के अन्तर्गत विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ0 सत्येन्द्रनाथ शुक्ला ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन गृह विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य डॉ0 अवंतिका पाठक ने किया।

## सम्मान समारोह




01 सितम्बर को छात्रसंघ चुनाव में विजयी प्रत्याशियों को महाविद्यालय में आयोजित एक गरिमामयी समारोह में छात्र संघ के प्रभारी डॉ0 शिवकुमार बर्नवाल द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रसायन शास्त्र विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती दिव्या दुबे ने किया।

## एन.सी.सी. कैडेट्स भर्ती प्रक्रिया



01 सितम्बर को एन.सी.सी. विभाग के तत्वावधान में 45वीं यू0पी0 एन.सी.सी. बटालियन की इकाई में नवीन कैडेट्स के चयन हेतु भर्ती प्रक्रिया का आयोजन किया गया। भर्ती प्रक्रिया को महाविद्यालय के एन.सी.सी प्रभारी लेफ्टिनेंट रमाकान्त दुबे,

बटालियन के सैन्य अधिकारी मेजर अरविंद, नायब सूबेदार सुख बहादुर कुमार और हवलदार सुदीप के नेतृत्व में सम्पन्न कराया गया।

## निबन्ध प्रतियोगिता




02 सितम्बर को गृह विज्ञान विभाग द्वारा 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' के अन्तर्गत 'कुपोषण मुक्त भारत हमारी जिम्मेदारी' विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0ए0 पंचम् सेमेस्टर की छात्रा सुश्री प्रिया यादव ने प्रथम स्थान, बी0ए0 पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री शिवानी शर्मा ने द्वितीय स्थान तथा बी0ए0 पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 अवंतिका पाठक ने किया।

## पोस्टर/क्राफ्ट मेकिंग प्रतियोगिता




03 सितम्बर को बी0एड्0 विभाग द्वारा आयोजित इंटर्नशिप प्रोग्राम के अन्तर्गत महाराणा प्रताप कृषक इंटर कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा कक्षा 6, 7 व 8 में 'पोस्टर/क्राफ्ट मेकिंग प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 6 में अंशिका ने प्रथम स्थान, अर्चना निषाद ने द्वितीय स्थान तथा रंजना निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, कक्षा 7 में सृष्टि ने प्रथम स्थान, संपूर्णानन्द ने द्वितीय स्थान तथा गुड़िया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा कक्षा 8 में आयुष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन बी0एड्0 विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती विभा सिंह ने किया।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता




03 सितम्बर को गृह विज्ञान विभाग द्वारा 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' के अन्तर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0ए0 तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री निशा ने प्रथम स्थान, बी0ए0 पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री शिवानी ने द्वितीय स्थान तथा बी0ए0 तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री सोनम मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन गृह विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य सुश्री रीतिका त्रिपाठी ने किया।

## स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन प्रतियोगिता




04 सितम्बर को गृह विज्ञान विभाग द्वारा 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' के अन्तर्गत स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री अंकिता प्रजापति ने प्रथम स्थान, बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री श्रेया चौहान ने द्वितीय स्थान तथा बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री रागिनी यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन गृह विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य सुश्री रीतिका त्रिपाठी ने किया।

## डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जयंती



04 सितम्बर को बी0एड्0 विभाग द्वारा आयोजित इंटर्नशिप प्रोग्राम के अन्तर्गत महाराणा प्रताप कृषक इंटर कॉलेज में 'डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन' जयंती के अवसर पर कक्षा 6, 7 व 8 में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन बी0एड्0 विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती विभा सिंह ने किया।

## शोध व्याख्यान प्रतियोगिता




06 सितम्बर को गृह विज्ञान विभाग के द्वारा 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' के अन्तर्गत शोध व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0ए0 तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री नंदिनी ने प्रथम स्थान, बी0ए0 तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री नेहा सिंह ने द्वितीय स्थान तथा बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री रागिनी यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन गृह विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य डॉ0 अवतिका पाठक ने किया।

## विश्व साक्षरता दिवस




08 सितम्बर को प्रार्थना सभा में रोवर्स–रेंजर्स के तत्वाधान में विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर एक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता

के रूप में तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री अंशिका कुमारी ने अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन रोवर्स/रेंजर्स के प्रभारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने किया।

## विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम





08 सितम्बर को शिक्षा शास्त्र विभाग द्वारा 'विश्व साक्षरता दिवस' के अवसर पर एक विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बी0एड्0 विभाग के सहायक आचार्य श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन शिक्षाशास्त्र विभाग की प्रभारी श्रीमती पुष्पा निषाद ने किया।

## वाद–विवाद प्रतियोगिता




08 सितम्बर को बी0एड्0 विभाग के तत्वावधान में आयोजित 'इंटर्नशिप प्रोग्राम' के अन्तर्गत महाराणा प्रताप कृषक इण्टर कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर में विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर कक्षा 6, 7 व 8 में वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 6 के श्री उत्तम ने प्रथम स्थान, सुश्री रिमझिम ने द्वितीय स्थान तथा श्री अल्ताफ अंसारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, कक्षा 7 में सुश्री महिमा निषाद ने प्रथम स्थान, सुश्री सृष्टि भारती ने द्वितीय स्थान तथा सुश्री गुनगुन कन्नौजिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 8 में सुश्री सोनाक्षी ने प्रथम स्थान, श्री उदय ने द्वितीय स्थान तथा सुश्री अर्चना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान बी0एड्0 विभाग के शिक्षक तथा छात्राध्यापक उपस्थित रहे।

## योग एवं शारीरिक व्यायाम कार्यक्रम




10 सितम्बर को बी0एड्0 विभाग द्वारा आयोजित 'इंटर्नशिप प्रोग्राम' के अन्तर्गत महाराणा प्रताप कृषक इंटर कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर में योग एवं शारीरिक व्यायाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 6, 7 व 8 के सभी विद्यार्थी सम्मिलित रहे। कार्यक्रम का संयोजन बी0एड्0 विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती विभा सिंह ने किया।

## श्रद्धांजलि समारोह




10 सितम्बर को युगपुरूष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज के 56वीं एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज के 11वीं पुण्यतिथि के पावन स्मृति में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता के रूप में भटवली पी0जी0 कालेज, गोरखपुर के रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के सेवानिवृत्त आचार्य डॉ0 बलवान सिंह ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में चितौड़गढ़ राजघराने के श्री जनार्दन सिंह का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता रसायन विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ0 शिव कुमार बर्नवाल ने की। कार्यक्रम का संचालन श्री विनय कुमार सिंह ने किया।

## विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम




13 सितम्बर को हिन्दी दिवस की पूर्व संध्या पर हिन्दी विभाग के द्वारा एक विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के हिन्दी विभाग के आचार्य प्रो0 राजेश मल्ल ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डॉ0 आरती सिंह ने किया।

## श्रुतलेखन प्रतियोगिता




13 सितम्बर को बी0एड्0 विभाग द्वारा आयोजित 'इंटर्नशिप प्रोग्राम' के अन्तर्गत महाराणा प्रताप कृषक इण्टर कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा कक्षा 6,7 व 8 में श्रुत लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 6 की सुश्री सृष्टि सिंह ने प्रथम स्थान, सुश्री गुनगुन ने द्वितीय स्थान तथा सुश्री संजना निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, कक्षा 7 की सुश्री रंजना ने प्रथम स्थान, श्री अभिषेक ने द्वितीय स्थान तथा सुश्री सोनाली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा कक्षा 8 की सुश्री प्राची निषाद ने प्रथम स्थान, श्री किशन ने द्वितीय स्थान तथा श्री आर्यन गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संयोजन बी0एड्0 विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती विभा सिंह ने किया।

## एक दिवसीय कार्यशाला



13 सितम्बर को वाणिज्य विभाग एवं Grater Noida Institute of Technology, Noida के संयुक्त तत्वावधान में **"The Power of soft skill"** विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में ग्रेटर नोएडा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के सुश्री रिया विश्वास, सुश्री आकांक्षा सिंह एवं श्री रजनीश मौर्य का उपरोक्त विषय पर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष श्री नन्दन शर्मा ने किया।

## विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम



13 सितम्बर को गणित और सांख्यिकी विभाग के द्वारा एक विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में महात्मा गाँधी पी0जी0 कालेज, गोरखपुर के गणित विभाग के सहायक आचार्य डॉ0 आकाश पाण्डेय ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन गणित एवं सांख्यिकीय विभाग के अध्यक्ष श्री पप्पू कुमार गुप्ता ने किया।

## भूगोल प्रदर्शनी




15 सितम्बर को भूगोल विभाग के तत्वावधान में भूगोल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में प्रदर्शित मॉडलों में विक्रमसाराभाई ग्रुप द्वारा निर्मित निसार सैटेलाइट को

प्रथम स्थान, आर्यभट्ट ग्रुप द्वारा बनाए गये रिमोट सेंसिंग प्रक्रिया एवं हमबोल्ट ग्रुप को संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा कांट ग्रुप द्वारा निर्मित जलविद्युत को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन भूगोल विभाग की सहायक आचार्य डॉ0 शालू श्रीवास्तव ने किया।

## निबन्ध प्रतियोगिता




16 सितम्बर को भूगोल विभाग के तत्वावधान में 'विश्व ओजोन संरक्षण दिवस' के अवसर पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0ए0 पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री श्वेता ने प्रथम स्थान, बी0 एस–सी0 तृतीय सेमेस्टर के छात्र श्री प्रियांशु शर्मा एवं बी0ए0 पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री मनीषा कुमारी ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा बी0ए0 पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री रंजना निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन भूगोल विभाग की सहायक आचार्य डॉ0 शालू श्रीवास्तव ने किया।

## शोध व्याख्यान कार्यक्रम




16 सितम्बर को बी0एड्0 विभाग द्वारा 'विश्व ओजोन संरक्षण दिवस' के अवसर पर शोध व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बी0एड्0 तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने अपने–अपने उद्बोधन प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संयोजन बी0एड्0 विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती विभा सिंह ने किया।

## विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम




16 सितम्बर को प्रार्थना सभा में रोवर्स–रेंजर्स के तत्वावधान में 'विश्व ओजोन संरक्षण दिवस' के अवसर पर एक विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बी0ए0 पंचम सेमेस्टर की छात्रा एवं रोवर्स–रेंजर्स की गाइड सुश्री मनीषा कुमारी ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन रोवर्स/रेंजर्स के प्रभारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने किया।

## विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम




17 सितम्बर को प्रार्थना सभा में 'विश्वकर्मा जयंती एवं हनुमान प्रसाद पोद्दार जयंती' के अवसर पर एक विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ0 हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने अपना उद्‌बोधन करते हुए विश्वकर्मा जयंती के महात्म को बताया साथ ही महाविद्यालय परिवार की ओर से हनुमान प्रसाद पोद्दार जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम




17 सितम्बर को वनस्पति विज्ञान एवं प्राणी विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'आयुर्वेद सप्ताह' के अन्तर्गत एक विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में


गुरू गोरखनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद साइंस, बालापार की सहायक आचार्य डॉ0 के0वी0 मिनी और डॉ0 आर0 नैयर ने अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में संचालन श्री विनय कुमार सिंह ने किया तथा आभार ज्ञापन वनस्पति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ0 अभय कुमार श्रीवास्तव ने किया।

## पोस्टर प्रतियोगिता




18 सितम्बर को अंग्रेजी विभाग के तत्वावधान में **“Mental Health Matters: Break the Silence”** विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर के छात्र श्री अश्विनी कुमार वर्मा ने प्रथम स्थान, बी0ए0 पंचम सेमेस्टर के छात्र श्री देव कुमार चौधरी ने द्वितीय स्थान तथा बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री समृद्धि वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन अंग्रेजी विभाग की प्रभारी श्रीमती शिवानी सिंह ने किया।

## साप्ताहिक योगाभ्यास कार्यक्रम




20 सितम्बर को ‘साप्ताहिक योगाभ्यास कार्यक्रम’ के अन्तर्गत योग प्रशिक्षक के रूप में शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डॉ0 सत्येन्द्र नाथ शुक्ल ने उपस्थित विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को योग का प्रशिक्षण प्रदान किया। साथ ही योग के महत्व को बताते हुए स्वास्थ्य सम्बन्धित समत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

## विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम



20 सितम्बर को गणित एवं सांख्यिकी विभाग के द्वारा “Introducation to Statistical Methods in Keep Life” विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में के0 आई0 पी0 एम0 गीडा, गोरखपुर के निदेशक डॉ0 एस0 पी0 सिंह ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन गणित एवं सांख्यिकी विभाग के अध्यक्ष श्री पप्पू कुमार गुप्ता ने किया।

## दीक्षारंभ कार्यक्रम




23 सितम्बर को बी0एड्0 विभाग के तत्वावधान में बी0एड्0 प्रथम सेमेस्टर के नव–आगंतुक विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बी0एड्0 विभाग की अध्यक्ष श्रीमती शिप्रा सिंह ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन बी0एड्0 विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती विभा सिंह ने किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस




24 सितम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में ' राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस' के अवसर पर एक विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में हिन्दी विभाग की सहायक आचार्य डॉ0 आरती सिंह ने स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ0 अखिलेश गुप्ता ने किया।

## पं० दीनदयाल उपाध्याय एवं सतीश धवन जयंती




25 सितम्बर को प्रार्थना सभा में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं सतीश धवन जयंती' के अवसर पर एक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में बी0एड्0 विभाग सहायक आचार्य श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए महाविद्यालय परिवार की ओर से उन्हे हार्दिक श्रद्धासुमन आर्पित किया।

## विचार गोष्ठी कार्यक्रम



25 सितम्बर को बी0एड्0 विभाग द्वारा 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती' के अवसर पर 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद दर्शन' विषय पर एक विचार गोष्ठी कार्यक्रम का

आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बी0एड्0 विभाग के विद्यार्थियों द्वारा उपरोक्त विषय पर अपने–अपने वक्तव्य प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संयोजन बी0एड्0 विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती विभा सिंह ने किया।

## विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम



25 सितम्बर को प्राचीन इतिहास, पुरातत्त्व एवं संस्कृति विभाग द्वारा ''मानव का उद्भव एवं उसकी विकास यात्रा'' विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के प्राचीन इतिहास, पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग के सहायक आचार्य डॉ0 विनोद कुमार ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन विभाग के प्रभारी डॉ0 इक्ष्वाकु प्रताप सिंह ने किया।

## ईश्वरचंद विद्यासागर जयंती




26 सितम्बर को प्रार्थना सभा में 'ईश्वरचंद विद्यासागर जयंती' के अवसर पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में बी0एड्0 विभाग के सहायक आचार्य श्री जितेन्द्र प्रजापति ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए महाविद्यालय परिवार की तरफ से हार्दिक श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## श्रद्धांजलि समारोह




27 सितम्बर को हम सबके मार्गदर्शक और प्रेरणास्त्रोत महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के अध्यक्ष एवं पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के पूर्व कुलपति प्रो0 उदय प्रताप सिंह का शनिवार सुबह निधन हो गया इस दुःख के अवसर पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में बी0एड्0 विभाग की अध्यक्ष श्रीमती शिप्रा सिंह ने **प्रो0 उदय प्रताप सिंह जी** के व्यक्तित्व और कृतित्व को बताते हुए श्रृद्धासुमन अर्पित किया।

## एक दिवसीय कार्यशाला



29 सितम्बर को महाविद्यालय में '**विकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत– आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेशः शताब्दीं संकल्प @ 2047**' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी खड़कवासला के से0नि0 आचार्य डॉ0 राजेन्द्र भारती ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ0 विजय कुमार चौधरी ने की। कार्यक्रम का संयोजन श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया।

## स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम




29 सितम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 आरती सिंह ने स्वयंसेवको एवं स्वयंसेविकाओं के समक्ष अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत किया। स्वयंसेवको एवं स्वयंसेविकाओं ने स्वच्छता रैली निकाली तथा गांव में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया। कार्यक्रम का संयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अखिलेश कुमार गुप्ता ने किया।

## महिषासुर मर्दिनी स्त्रोत पाठ




29 सितम्बर को प्रार्थना सभा में नवरात्रि के शुभ अवसर पर छात्राओं द्वारा महिषासुर मर्दिनी स्त्रोत पाठ का गायन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर सभागार में उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थीगण पाठ सुनकर मंत्रमुग्ध हो झुमने लगे।






IV दैनिक जागरण गोरखपुर, 2 सितंबर, 2025

# एमपी कालेज के छात्रसंघ पदाधिकारियों का हुआ अभिनंदन, सौंपा प्रमाण–पत्र



नवनिर्वाचित पदाधिकारियों संग चुनाव अधिकारी डा. शिव कुमार व संचालक दिव्या दुबे ।

जासं, गोरखपुर : महाराणा प्रताप पीजी कालेज जंगल धूसड़ के छात्रसंघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के लिए सोमवार को कालेज परिसर में अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। विजेता प्रत्याशियों को प्रमाण–पत्र देकर उनका अभिनंदन किया गया। अभिनव सिंह को अध्यक्ष, अभिषेक मिश्र को उपाध्यक्ष, विक्रांत सिंह को महामंत्री और अंशिका सिंह को पुस्तकालय मंत्री का प्रमाण–पत्र दिया गया। छात्रसंघ चुनाव अधिकारी डा. शिवकुमार बर्नवाल ने नव–निर्वाचित पदाधिकारियों को लोकतांत्रिक परंपराओं का पालन करते हुए, छात्र हितों की रक्षा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि छात्रसंघ किसी भी महाविद्यालय की सक्रियता एवं अनुशासन का प्रतीक होता है।

IV दैनिक जागरण गोरखपुर, 14 सितंबर, 2025

## हिंदी से ही है भारत की आत्मा का साक्षात्कार

गोरखपुर : महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में गोरखपुर विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के आचार्य प्रो. राजेश मल्ल ने कहा कि हिंदी संपर्क भाषा के रूप में देश और दुनिया में स्थापित तो है, लेकिन उसे संपूर्ण देश एवं विश्व की भाषा बनाने के लिए ज्ञान की भाषा बनाना होगा। अध्यक्षीय उद्बोधन में हिंदी विभाग की अध्यक्ष डा. आरती सिंह ने कहा कि हिंदी दिवस का मुख्य उद्देश्य हिंदी भाषा को बढ़ावा देना।

इसके प्रचार–प्रसार के प्रति जागरूकता पैदा करना, सांस्कृतिक एकता को मजबूत करना और हिंदी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्व दिलाना है। यह दिन भारत की भाषा और संस्कृति का उत्सव का दिन है जो देश की विविधता में एकता का प्रतीक है।

हिन्दुस्तान
गोरखपुर, गुरुवार, 18 सितंबर 2025 04

## आज की जीवनशैली में आयुर्वेद की प्रासंगिकता और बढ़ी : डॉ. गिरिधर

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) में 'आयुर्वेद मानवता और प्रकृति के लिए विषय पर 10वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस सप्ताह का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. गिरिधर वेदांतम ने किया। इसका आयोजन आयुष मंत्रालय भारत सरकार व भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा किया गया। महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज में बीएएमएस विद्यार्थियों और चिकित्सकों ने आयुर्वेदिक औषधीय पौधों के महत्व एवं पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम शृंखला के अंतर्गत विद्यार्थियों में आयुर्वेद के प्रति रुचि जागृत करने के लिए आयुर्वेद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्राचार्य डॉ. गिरिधर वेदांतम ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

भारतीय नभमण्डल के धार्मिक–आध्यात्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक क्षितिज के दैदीप्यमान नक्षत्र युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज ने पूर्वांचल के शैक्षणिक विकास एवं भारतीय संस्कृति, परम्परा, सनातन ज्ञान–विज्ञान एवं कौशल से ओत–प्रोत शिक्षा के प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से सन् 1932 ई. में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की स्थापना की थी। सिद्ध गोरक्षपीठ एवं महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित महाराणा प्रताप महाविद्यालय पूर्वांचल के शिक्षा क्षेत्र की एक अग्रणी संस्था है। महाविद्यालय के मासिक गतिविधियों का एक संक्षिप्त संकलन "ध्येय पथ" नाम से मासिक ई–पत्रिका के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है। इसी क्रम में सितम्बर माह की मासिक ई–पत्रिका ध्येय–पथ आप सभी के अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

# महाराणा प्रताप महाविद्यालय

जंगल धूसड़, गोरखपुर